# महाविद्यालय में फर्नीचर के मरम्मत कार्य हेतु निविदा आमंत्रण

शैक्षिक सत्र वर्ष 2023–24 में महाविद्यालय फर्नीचर के मरम्मत तथा स्टील सामग्री के मरम्मत कार्य हेतु निम्नांकित शर्तों एवं नियमों के आधार पर निविदाएं आमंत्रित की जाती है तथा निविदा जमा एवं खोलने सम्बन्धी विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र0 सं0 | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र नम्बर | /मरम्मत कार्य/ निविदा/ 2023–24 दिनांक– 28.12.2023 |
| 2 | निविदा जारी करने की तिथि | 30.12.2023 |
| 3 | वेबसाइटस में जारी करने की तिथि | 30.12.2023 |
| 4 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 17.01.2024 (4.00 बजे तक) |
| 5 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 18.01.2024 (2.00 बजे) |
| 6 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 18.01.2024 (तकनीकी निविदा के तुरंत बाद) |
| 7 | निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय, प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर |
| 8 | निविदा प्रपत्र की धनराशि जी0एस0टी0 सहित | 500.00 (रू0 पांच सौ मात्र) |
| 9 | धरोहर राशि (EMD) | 10,000.00 (रू0 दस हजार मात्र) |

1. पंजीकृत फर्मो से टू–बिड सिस्टम के तहत **राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर (नैनीताल) में अनुबंध की तिथि से एक वर्ष** हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है।
2. मुहरबन्द निविदाएं, प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर (नैनीताल) के नाम से **पंजीकृत/स्पीड डाक द्वारा ही स्वीकार की जायेंगी।** उपरोक्त तिथि के बाद पहुँचने वाली निविदाएं स्वीकार नहीं की जायेंगी।

**3. कार्य का क्षेत्र**

- पी0 एन0जी0 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर में के फर्नीचर वस्तुओं की मरम्मत कार्य किया जाना है।
- बोलीदाता फर्नीचर की मरम्मत के लिए केवल मानक गुणवत्ता वाली सामग्री का उपयोग करेगा। किसी भी वस्तु में बदलाव के लिए नमूना प्राचार्य, रामनगर महाविद्यालय द्वारा अनुमोदित होना चाहिए।
- महाविद्यालय परिसर में बोलीदाता की कार्यशाला में मरम्मत कार्य के दौरान किसी भी वस्तु की हानि या क्षति होने पर बोलीदाता की जिम्मेदारी होगी और प्राचार्य, रामनगर महाविद्यालय अपने विवेक से खोई/क्षतिग्रस्त वस्तु या उसके हिस्से की लागत को बिल में से कटौती करेंगे।
- बोली लगाने वाला अपने द्वारा किए गए प्रत्येक मरम्मत कार्य का जॉब कार्ड जारी करेगा। कार्य के संतोषजनक समापन के बाद कार्ड पर परीक्षा प्रभारी द्वारा हस्ताक्षर किये जाने चाहिए।

4. **निविदा प्रकिया और हेल्पडेक्स**

- निविदा फार्म को महाविद्यालय की वेबसाईट www.gpgcramnagar.org से डाउनलोड किया जा सकता है या महाविद्यालय के कार्यालय से क्रय किया जा सकता है ।
- यदि निविदा की शर्तों एवं दिनांक में कोई संशोधन किये जाने की स्थिति निर्मित होती है तो इसकी सूचना महाविद्यालय की वेबसाईट पर दी जायेगी। इस हेतु पृथक से समाचार पत्रों में संशोधन की सूचना जारी नहीं की जायेगी।

5. **जमानत राशि/ई0एम0डी0**

- निविदा प्रपत्र के साथ सुरक्षा निधि राशि रु.10,000/–( रुपये दस हजार मात्र) है। इसे डिमांड ड्राफ्ट जो **प्राचार्य, पी0एन0जी0 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर, नैनीताल** के पक्ष में देय हो, के माध्यम से जमा किया जाना है।
- स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई धरोहर राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।
- स्वीकृत निविदा फर्म की धरोहर राशि को सक्योरिटी डिपाजिट के तहत समायोजित किया जायेगा। के.वि.सं. के एकाउंट कोड 180 (iv) के अन्तर्गत बिना अर्नेस्ट मनी डिपाजिट के जो कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
- जो निविदा मान्य नहीं होगी उनकी सुरक्षा निधि राशि लौटा दी जायेगी।

6. **पात्रता की कसौटी**

- बोली लगाने वाले को पिछले तीन वर्षों में केन्द्र/राज्य/सरकार/पीएसयू/ प्रतिष्ठित निजी संस्थान में कम से कम रू0 1,00,000/– मूल्य की फर्नीचर वस्तुओं की मरम्मत के लिए कम से कम एक कार्य आदेश सफलतापूर्वक निष्पादित करना चाहिए। इन आपूर्ति आदेशों की प्रतियां तकनीकी बोली के साथ संलग्न की जानी चाहिए।
- बोलीदाता के पास पैन कार्ड और जी0एस0टी0 नम्बर होना चाहिए और तकनीकी बोली के साथ सुपाठ्य सत्यापित प्रतियां जमा करनी होगी। इन दस्तावेजों को तकनीकी प्रपत्र के साथ न सलग्न होने पर बोली को अस्वीकार कर दिया जायेगा।
- बोलीदाता को पिछली तिमाही के दाखिल जी0एस0टी0 रिटर्न का नवीनतम प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
- बोलीदाता को ISO सर्टिफिकेट का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
- बोलीदाता का टर्नओवर रू0 50 लाख का होना चाहिए। जिसका प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना होगा।
- निविदा केवल अधिकारिक निविदा प्रपत्र में प्रस्तुत की जाएगी। यदि किसी अन्य प्रपत्र में निविदा प्रस्तुत की जाएगी तो उसे अस्वीकार कर दिया जायेगा। प्रपत्र का मूल्य वापसी योग्य नहीं है।

7. **कार्यस्थल का निरीक्षण–**

- बोलीदाता मरम्मत के लिए आवश्यक वस्तुओं को देखने के लिए सभी कार्य दिवसों में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे के बीच पूर्वानुमति लेने के बाद साइट का निरीक्षण कर सकता है। इस उद्देश्य के लिए मुख्य प्रशासनिक अधिकारी से संपर्क किया

जा सकता है। तथ्यों की जानकारी न होने के लिए महाविद्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**8. निविदा जमा की प्रक्रिया**

- निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं सुरक्षा निधि राशि प्राप्त होने पर ही फर्म की तकनीकी निविदा को खोला जायेगा।
- तकनीकी तथा वित्तीय निविदाओं को पृथक–पृथक लिफाफे में रखा जाए तथा संबंधित लिफाफे के ऊपर बिड का नाम लिखना होगा।
- **तकनीकी निविदा–** तकनीकी निविदा में ए–1 में दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित दस्तावेज को अलग ए–1 तकनीकी निविदा वाले लिफाफे में रखा जाए।
- **वित्तीय निविदा–** तकनीकी निविदा में योग्य पायी जाने वाली फर्मों की ही वित्तीय निविदा खोली जाएगी। वित्तीय निविदा में बी–1 में दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित दस्तावेजों को अलग बी–1 वित्तीय निविदा वाले लिफाफे में रखे जाए।
- निविदा प्रपत्र और सहायक दस्तावेजों के सभी पृष्ठ स्वप्रमाणित होने चाहिए।
- निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बावत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र को रु.50/– के नॉन जुडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। ( निविदा फार्म में दिए गये प्रारुप अनुसार )
- बोलीदाता द्वारा उद्घृत दरें अंतिम होगी और मरम्मत की गई वस्तुओं के लिए देय होगीं।
- उद्घृत दरों में लागू सभी कर, शुल्क आदि शामिल होने चाहिए और इस बिल पर कोई अतिरिक्त भुगतान देय नहीं होगा।

**9. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि–**

- निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 17.01.2024 के अपरान्ह 4.00 बजे है।

**10. निविदा खोलना तथा मूल्यांकन**

- निविदा प्राचार्य द्वारा अधिकृत अधिकारियों द्वारा दिनांक 18.01.2024 को 2.00 बजे प्राचार्य कार्यालय में बोलीदाताओं या बोली लगाने वाले या उनके द्वारा विधिवत अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जायेगी।
- सभी निविदाओं की स्क्रूटनी की जायेगी उनकी पात्रता के लिए संबंधित दस्तावेजों की जांच की जायेगी।

**11. अधिकारियों से सम्पर्क–**

- कोई भी निविदाकर्ता निविदा खुलने से लेकर अनुबंध दिए जाने तक अपनी निविदा से संबंधित किसी भी प्रकरण में महाविद्यालय प्रशासन को प्रभावित करने का प्रयास नहीं करेगा। ऐसी स्थिति में उसकी निविदा को निरस्त कर दिया जायेगा।
- निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation) का प्रश्न उपस्थित होने पर प्राचार्य, पी0एन0जी0 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर, नैनीताल का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
- निविदा खोलते समय यदि फर्म का प्रतिनिधि अनुपस्थित रहता है तो बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**12. भुगतान**

- भुगतान केवल चैक के माध्यम से किया जायेगा और कार्य के संतोषजनक समाप्ति के पश्चात नियमानुसार लागू टीडीएस कटौती की जाएगी।
- महाविद्यालय द्वारा कार्य हेतु कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा।

**13. अधिकार क्षेत्र**

- न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार रामनगर न्यायालय होगा।

उपरोक्त समस्त शर्तें मुझे मान्य है। मैं कथन करता/करती हूं कि निविदा प्रपत्र में मेरे द्वारा अंकित जानकारी सत्य है एवं इसकी सभी नियम एवं शर्तें मुझे मान्य है।

निविदाकर्ता का नाम:..........................................................<br>
पता :................................................<br>
:........................................................<br>
हस्ताक्षर एवं मुहर

# पी० एन० जी०, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर
नैनीताल (उत्तराखण्ड)

Email- principal_pngrmr@yahoo.co.in Web add- www.gpgcramnagar.org


प्रपत्र ए–1

## निविदा प्रपत्र ( तकनीकी निविदा )

| क्रं.सं | विवरण | |
|---|---|---|
| 1. | फर्म का नाम | |
| 2. | पत्र व्यवहार का पता | |
| 3. | दूरभाष / मो. न. | |
| 4. | आधार नम्बर( आधार कार्ड की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी संलग्न होनी चाहिए ) | |
| 5. | पैन कार्ड नम्बर( पैन कार्ड की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी संलग्न होनी चाहिए ) | |
| 6. | निविदाकर्ता का पंजीकरण संख्या (पंजीकरण प्रमाणत्र की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी संलग्न होनी चाहिए ) | |
| 7. | डिमांड ड्राफ्ट संख्या तथा दिनांक | |
| | ई0एम0डी0 धनराशि | |
| | बैंक का नाम | |
| 8. | जी0एस0टी0 नम्बर | हां / नहीं |
| | यदि हां, तो पंजीकरण की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी संलग्न की जानी चाहिए | |
| | पिछले तीन वर्षों में केन्द्र / राज्य / सरकार / पीएसयू / प्रतिष्ठित निजी संस्थान में त्र कम से कम रू0 1,00,000 / – मूल्य की फर्नीचर / वस्तुओं की मरम्मत के लिए कम से कम एक कार्य आदेश की प्रति | |
| | ISO सर्टिफिकेट की प्रति सलंग्न होनी चाहिए। | |
| | टर्न ओवर के प्रमाण पत्र की प्रति सलंग्न होनी चाहिए। | |

फर्म का नाम

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

अधिकृत का नाम

दिनांक

स्थान–

पी0 एन0 जी0, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर
नैनीताल (उत्तराखण्ड)
Email- principal_pngrmr@yahoo.co.in Web add- www.gpgcramnagar.org

प्रपत्र बी–1

# निविदा प्रपत्र ( वित्तीय निविदा )

**Wooden Furniture Items**

| Sl. No. | Description | A/U and Qty. | Rate (Rs.) | Amount (Rs.) | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Repair of Students'Bench table front and top by fixing the Ply, Mica and beading (05 mm ply, 07 mm mica and 0.75 inches beading)<br><br>Size : 5'x 1' & front- 5'x3' | 249 Nos. | | | |
| 2 | Student Table & Chair (Repair & painting) | 20 Nos. | | | |
| | Department table, (Wooden) (Repair , and denting work ) | | | | |
| **Total:** | | | | | |

**B. Steel Furniture Items**

| Sl. No. | Description | A/U and Qty. | Rate (Rs.) | Amount (Rs.) | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Steel Almirah (repair/replace of lock, as required) | 05 Nos. | | | |
| Total | | | | | |

1. **Grand total amount of Wooden + Steel furniture repair (Rs)**

**(A+B)..........................................................................................**

2. **Amount in words (Rupees) ..........................................................................**

Signature : Name & Designation :

Name of the Firm/ Agency :

Place : Date :

# शपथ पत्र

## रु 50/— के स्टाम्प पेपर पर नोटरी से सत्यापित

मै.......................................................... प्रोप्राईटर द्वारा मेसर्स.................................................. निम्नलिखित कथन शपथ लेकर कहता हूँ कि:—

(1) यह कि फर्म को किसी भी शासकीय संस्था/उपक्रम से कभी भी ब्लैक स्टिेड नहीं किया गया है ।

(2) यह कि फर्म पर वस्तुओं /फर्नीचर की मरम्मत अथवा समान प्रकृति सम्बन्धी कार्यों पर कोई कानूनी विवाद न्यायालय में लंबित नहीं है।

(3) यह कि फर्म पर किसी शासकीय संस्था/उपक्रम की देनदारी शेष नहीं है।

(4) यह कि निविदा में प्रस्तुत अथवा शपथ पत्र में दर्शायी गई जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरी निविदा को निरस्त करने का अधिकार प्राचार्य, पी0एन0जी0 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर, नैनीताल को होगा।

संविदा दिनांक ................................से ........................................तक प्रवृत्त रहेगी जिसके साक्ष्य स्वरूप पक्षकार उनकी सामान्य सील चस्पा करेगें।

निम्नांकित साक्षियों की उपस्थिति में

शपथ ग्रहिता

1. नाम..................................................
   पता..................................................
   ..................................................
2. नाम..................................................
   पता..................................................
   ..................................................

मैं उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यापित करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा निष्पादित उक्त शपथ पत्र के बिन्दु क्रं.1 से 4 में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान विश्वास अनुसार पूर्ण सत्य हैं।

शपथ ग्रहिता